तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 28 मई 2025

12 नवागांव समाधान शिविर में उमड़ा ग्रामीण ...



12 पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य, शिक्षा व महिला ...





## खबर संक्षेप

### प्रभारी मंत्री शर्मा से मिला शिक्षक संघ



**जगदलपुर।** शिक्षक साझा मंच छत्तीसगढ़ के प्रदेश संचालक संजय शर्मा ने कहा है कि सीधी भर्ती के 43243 पद एवं पदोन्नति के 19452 पद कुल मिलाकर 63695 पद शिक्षा विभाग में रिक्त हैं। इन पदों की पूर्ति पदोन्नति व सीधी भर्ती के माध्यम से किया जाए। प्रथमतः पदोन्नति करने के साथ ही साथ नया शिक्षा सत्र का आरंभ हो रहा है ऐसे में प्रशिक्षित बेरोजगारों को भी शिक्षक पद पर भर्ती कर छत्तीसगढ़ की शिक्षा को बेहतर करने का कार्य किया जाना चाहिए। शिक्षक साझा मंच छत्तीसगढ़ के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण श्रीवास्तव ने कहा है कि बस्तर प्रभारी मंत्री विजय शर्मा से भेंटकर युक्तियुक्तकरण से होने वाली दिक्कतों को बताया गया। विशेषकर बस्तर में अतिशेष शिक्षकों की पद स्थापना में ध्यान देने की मांग संघ पदाधिकारियों ने की।

### जंगली सुअर का मांस और हथियार सहित 3 गिरफ्तार



**बीजापुर।** इंद्रावती टाइगर रिजर्व ने जंगली सुअर का शिकार करने के आरोप में मंगलवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। वन विभाग की टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम कोंगूपल्ली के पास से इन शिकारियों को दबोचा, उनके पास से 25 किलोग्राम से अधिक जंगली सुअर का मांस, हथियार और दो मोटर साइकिलें जप्त की गई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार 26 मई को इंद्रावती टाइगर रिजर्व को परिक्षेत्र मद्देड़ बफर के बीट गिलगिचा के कक्ष क्रमांक 719 आरएफ में जंगली सुअर के शिकार की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही रिजर्व के उप निदेशक रामाकृष्ण के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम में सहायक संचालक संजय रौतिया, परिक्षेत्र अधिकारी रामायण प्रसाद मिश्रा, वनपाल शंकर सिंह यादव और नीरज श्रीवास्तव, वन रक्षक शंकर तलाड़ी, हरीश मांझी और मोहन अवलम और पेट्रोलिंग गार्ड कोरसा गोपाल शामिल रहे। टीम ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर दबिश दी और जंगली सुअर का मांस ले जा रहे तीन आरोपियों को दो मोटर साइकिलों के साथ रंगे हाथों पकड़ लिया। शिकारियों के पास से भारी मात्रा में सामग्री जब्त की गई है, जिसमें जंगली सुअर का मांस 25.200 किलोग्राम, एक कुल्हाड़ी, 4 चाकू, एक बड़ा छूरा, 2 मोटर साइकिल जप्त किया। गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों को जिला एवं सत्र न्यायालय दंतेवाड़ा में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

### कोविड से बचाव के लिए भीड़ भाड़ जगहों पर जाने से बचें

**जगदलपुर।** देश के कुछ राज्यों में फैल रही कोविड की स्थिति को देखते हुए राज्य शासन द्वारा 24 मई को वीडियो कॉफेसींग के द्वारा कोविड के सम्बंध में सतर्क करते हुए जिलों की स्थित का जायजा लिया गया। साथ की कोविड संबंधी लॉजीस्टीक एवं दवाइयों की उपलब्धता की जानकारी ली गई। सीएमएचओ डॉ. संजय बसाक द्वारा क्षेत्र की जनता से अपील की कि भीड़-भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचे, सर्दी जुखाम होने पर नजदिकी स्वास्थ्य केन्द्रों में जाकर अपना उपचार करवायें तथा नियमित रूप से हाथों की सफाई करते रहे।

# जहां कभी नक्सलियों की चहलकदमी से लोग सहम से जाते थे, वहां बनी सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

अलग खबर

जहां कभी नक्सलियों की चहलकदमी से लोग सहम से जाते थे वहां गांव के ग्रामीणों को जाने-आने के लिए पगडंडी का सहारा रहा, पर ऐसे गांव में सड़क का निर्माण कार्य किया गया। नक्सल प्रभावित गांव लेदा से कनकपाल तक 5 किमी सड़क तक निर्माण होने से ग्रामीणों को पगडंडी से छुटकारा मिला और आसानी से ग्रामीण ब्लॉक एवं जिला मुख्यालय जाना-आना हो रहा है। बस्तर अंचल तक ग्रामीण सड़कों के निर्माण और मरम्मत का कार्य युद्ध स्तर पर कराया जा रहा है, जिससे गांव की भी सड़कें चमक रही हैं। कनकपाल निवासी ग्रामीण बुधराम ने बताया कि लोक निर्माण विभाग उत्तर बस्तर जगदलपुर संभाग क्रमांक-दो के कार्यालय में सड़क के लिए आवेदन दिया। इस पर विभाग के उपयंत्री अपनी टीम के साथ पहुंच कर सर्वे किया, इससे लेदा से कनकपाल तक 5 किमी सड़क बनने के लिए सांसद, विधायक एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के प्रयास से सड़क का निर्माण किया गया, सड़क से ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे।

## लेदा, कनकापाल में सड़क बनने से ग्रामीणों को पगडंडी से मिला छुटकारा

### दोनों गांव में किया गया विद्युतीकरण

लेदा से कनकपाल ग्रामीणों ने बताया कि सड़क बनने से विद्युत कंपनी द्वारा सुकमा जिले से विद्युत लाइन बिछाकर दोनों गांवों को बिजली पहुंचाया गया है। जिससे ग्रामीणों एवं पढ़ने वाले बच्चों को राहत मिली



### अधिकारी कर रहे कार्यों की मानिटरिंग

सड़कों के निर्माण और मरम्मत कार्य की मॉनिटरिंग लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता जीआर रावटे, अधीक्षण अभियंता डीएल टेकाम खुद कर रहे हैं। सड़क निर्माण कार्यों का अवलोकन कर ठेकेदारों को गुणवत्ता का ध्यान देने को निर्देश दे रहे हैं।

**समर्पण : आत्मसमर्पित नक्सलियों पर 39 लाख का ईनाम था घोषित**

# सुकमा में बटालियन नम्बर 1 के 4 हार्डकोर समेत 18 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

- आत्मसमर्पण पुनर्वास नीति के तहत दी गई 50-50 हजार प्रोत्साहन राशि

नक्सलियों के बटालियन नम्बर एक में सक्रिय चार हार्डकोर नक्सलियों समेत 18 ने मंगलवार को एसपी दफ्तर सुकमा में एसपी किरण चव्हाण के अलावा सीआरपीएफ के टूआईसी सुरेश सिंह पायल डीआईजी ऑफिस सुकमा, पुरूषोत्तम कुमार 80 बटालियन अनुराग राज, 219 बटालियन, एएसपी अभिषेक वर्मा, उप कमाण्डेंट अमरजीत गुप्ता, निरीक्षक सुरेंद्र सरकी कोबरा 203 बटालियन व निरीक्षक अजित सिंह 212 बटालियन सीआरपीएफ के समक्ष बिना हथियार के समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो गए। समर्पित नक्सलियों पर शासन द्वारा 39 लाख रूपए का ईनाम घोषित किया गया था।

एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि छग शासन की नक्सलवादी आत्मसमर्पण पुनर्वास नीति एवं नियद नेल्ला नार योजना से प्रभावित होकर तथा अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार नवीन सुरक्षा कैम्प स्थापित होने व पुलिस के बढ़ते प्रभाव के चलते समर्पण किया। समर्पित नक्सलियों में दो पुरूष नक्सली पर 8-8 लाख, 1 पुरूष व 1 महिला नक्सली पर 5-5 लाख, 6 पुरूष पर 2-2 लाख तथा 1 पुरूष नक्सली पर 1 लाख कुल 39 लाख रूपए का ईनाम घोषित था। नक्सलियों को आत्मससमर्पण के लिए प्रोत्साहित कराने में जिला बल, डीआरजी सुकमा, विआशा सुकमा, रेंज फिल्ड टीम (आरएफटी) कोंटा, सुकमा के अलावा जगदलपुर सीआरपीएफ 80, 212, 219 बटालियन व 203 बटालियन की विशेष भूमिका रही। सभी समर्पित नक्सलियों को शासन के नये पुनर्वास नीति 2025 के तहत 50-50 हजार रूपए प्रोत्साहन राशि एवं अन्य सुविधायें प्रदान की जाएगी।




### समर्पित नक्सलियों में ये शामिल

*समर्पण करने वाले नक्सलियों में 8-8 लाख के ईनामी पीएलजीए बटालियन नंबर 1 के मड़कम आयता 25 वर्ष निवासी मारोकी उस्कोनपारा थाना गादीरास व पीएलजीए बटालियन नंबर 1, प्लाटून नंबर 3, सेक्शन ए का पार्टी मेंबर भास्कर उर्फ भोगाम लक्खा 26 वर्ष निवासी सुरपनगुड़ा इंगीरपारा थाना चिंतलनार के अलावा 5-5 लाख के ईनामी मड़कम मड़कम कलमू देवे 25 वर्ष निवासी दुरगुड़ा थाना केरलापाल, लक्ष्मण उर्फ माड़वी छन्नू 28 वर्ष निवासी मारोकी डेय्यापारा थाना गादीरास, 2-2 लाख के ईनामी हेमला मंगलू 33 वर्ष, कुंजाम भीमा 36 वर्ष, मड़कम भीमा 25 वर्ष, मुचाकी मंगा 39 वर्ष, कोरसा संतोष उर्फ सोमलू 25 वर्ष, तेलाम माड़ा पिता रामा उम्र लगभग 35 वर्ष, वेट्टी बण्डी उर्फ देवेन्द्र कुमार वेट्टी 30 वर्ष, सोयम हिंगा, माड़वी मुन्ना 34 वर्ष, माड़वी गंगा 38 वर्ष, पदाम सुकालू, डोडी मंगलू उर्फ मधु 51 वर्ष, माड़वी 27 वर्ष तथा हेमला हड़मा 26 वर्ष निवासी तोकलनपल्ली पटेलपारा थाना चिंतलनार जिला सुकमा शामिल हैं।*

# जल समस्या को लेकर विधायक ने बर्तन लेकर किया कलेक्टोरेट का घेराव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ घाटलोहंगा

- एक माह के अंदर व्यवस्था नहीं सुधरी तो करेंगे भूख हड़ताल

बस्तर विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामवासियों ने आज क्षेत्र में व्याप्त भीषण जलसंकट के खिलाफ एकजुट होकर कलेक्टर ऑफिस का घेराव किया। यह प्रदर्शन बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल के नेतृत्व में हुआ। जिनके साथ ग्रामीणों ने लंबी रैली निकालते हुए जगदलपुर के विभिन्न मार्गों से होते हुए कलेक्टर कार्यालय तक मार्च किया। प्रदर्शनकारियों के हाथों में पानी की समस्या को दर्शाने वाले बैनर-पोस्टर, ▶▶ शेष पेज 12 पर

### नंगे पैर चल रहा था छोटा बालक

रैली के दौरान बघेल की नजर एक छोटे बच्चे पर पड़ी जो नंगे पांव चल रहा था गर्मी और कठिन रास्ते के बावजूद बच्चा रैली में सहभागी बना हुआ था। यह दृश्य विधायक को भावुक कर गया और उन्होंने तत्काल पास की दुकान से उसके लिए जूते मंगवाए और उसे पहनाए। इस मानवीय कदम की प्रशंसा उपस्थित लोगों ने करतल ध्वनि से की और इसे नेतृत्व की सच्ची भावना बताया। श्री बघेल ने कहा, बच्चों की छोटी-छोटी जरुरतों को पूरा करना भी हमारी जिम्मेदारी है, यह सिर्फ एक जोड़ी जूते नहीं, बल्कि सम्मान और देखभाल का प्रतीक है।

# माओवादियों का प्रेसनोट अधकचरा, भ्रामक व साजिशपूर्ण : आईजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



25 मई को भाकपा माओवादी दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के प्रवक्ता विकल्प द्वारा 21 मई को अबूझमाड़ क्षेत्र में हुई मुठभेड़ के संबंध में जारी प्रेसनोट को अधकचरा, भ्रामक व साजिशपूर्ण करार देते हुए आईजी सुंदरराज पी ने कहा कि जिसने हजारों निर्दोष आदिवासियों, महिलाओं और बच्चों की हत्या करवाई और सैकड़ों सुरक्षाबलों को आईईडी धमाकों और घात लगाकर किए गए हमलों में मौत के घाट उतारा व जननायक या शहीद नहीं बल्कि आंतक व हिंसा के युग का मुख्य सूत्रधार था। आईजी ने कहा कि मिशन संकल्प सुरक्षाबलों की नक्सल मुक्त और हिंसा मुक्त बस्तर के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। नक्सल मुक्त बस्तर का लक्ष्य सरकार का संकल्प है जिसे सुरक्षा बल पूरी प्रतिबद्धता के साथ करने के लिए समर्पित हैं। माओवादी संगठन का अंत निकट और निश्चित अब माओवादी कैडरों के पास एकमात्र सम्मानजनक विकल्प यह है कि वे आत्मसमर्पण करते हुए हिंसा का रास्ता छोड़ें और समाज की मुख्यधारा में लौटें वर्ना उनका हर्ष भी उनके चीफ बसवराजु की तरह होगा और मरने के लिए तैयार रहें। नक्सल प्रवक्ता द्वारा जारी प्रेसनोट में भाकपा (माओवादी) के महासचिव बसवराजु उर्फ बीआर दादा उर्फ गंगन्ना समेत कुल 28 माओवादी कैडरों के मारे जाने की पुष्टि की गई है यह ऐतिहासिक अभियान सुरक्षा बलों के जवानों द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न किया गया था। आईजी ने कहा माओवादी संगठन के इस बयान को तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत करने और जनभावनाओं को भटकाने का निराशाजनक प्रयास बताया।

### निर्णायक दिन के रूप में याद किया जाएगा

आईजी ने कहा कि अबुझमाड़ मुठभेड़ में मारे गए बसवराजु जो कि माओवादी संगठन के सर्वोच्च नेता थे उनकी मौत से संगठन को केवल सैन्य स्तर पर ही नहीं बल्कि मनोवैज्ञानिक रूप से भी गहरा आघात पहुंचा है। माओवादी आंदोलन के मुख्य गढ़ में 27 सशस्त्र उग्रवादियों का खात्मा सुरक्षा बलों की दृढ़ता और प्रभावशीलता का प्रत्यक्ष प्रमाण है। नक्सल संगठन अपने बयान जिसमें बसवराजु की मौत को बलिदान के रूप में प्रस्तुत करने के प्रयास की कड़ी आलोचना करते हुए सुंदरराज पी ने कहा कि यह दशकों की हिंसा को महिमामंडित करने वाला झूठा प्रचार है।

### समर्पण करो या मरने के लिए तैयार रहो

आईजी ने कहा नक्सली प्रवक्ता के प्रेस वक्तव्य माओवादी कैडरों के गिरते मनोबल को संबल देने की विफल कोशिश है। लगातार चलाए जा रहे खुफिया आधारित अभियानों के कारण संगठन टुकड़ों में बिखर चुका है और अब मूलभूत समन्वय बनाए रखने में भी असमर्थ दिख रहा है। उन्होंने कहा कि अब माओवादी कैडरों के पास एकमात्र सम्मानजनक विकल्प यह है

# पॉवर हाऊस के उपकेन्द्र में भरा पानी, ढाई घंटे तक बंद रही बिजली

- पानी हटने पर जम्फर कटने से कर्मचारी ढाई घंटे तक मरम्मत में जुटे रहे

**जगदलपुर।** विद्युत कंपनी का पॉवर हाऊस का उपकेन्द्र में नाली का पानी ओव्हर के चलते मंगलवार की दोपहर पानी भर गया। इससे उपकेन्द्र की सभी फीडरों की विद्युत सप्लाई बंद किया गया। दो घंटे बाद उपकेन्द्र में भरा पानी हटने से बिजली सप्लाई करने के बाद पता चला कि जम्फर कट गया। जम्फर को सुधारने के बाद इंश्यूलेटर एवं डीओ फ्यूज हुआ, इस तरह से आधे शहर की बिजली लगभग ढाई घंटे बंद रही। बताया जा रहा है कि नाली का निकास नहीं होने के चलते नाली ओव्हरफ्लो से नाली का पानी उपकेन्द्र के अंदर भर रहा है, जिससे बिजली प्रभावित हो रही है। वहीं बंद बिजली को सुधारने में कार्यपालन अभियंता एचके ध्रुव, सहायक अभियंता निरंजन सिंह कंवर, कनिष्ठ अभियंता डीसी मांझी लाइनमेन के साथ घंटो जुटे रहे। लगभग ढाई घंटे बाद बिजली बहाल होने से उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ▶▶ शेष पेज 12 पर



**समय-सीमा की बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए निर्देश**

# सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का निराकरण और मांगों की स्वीकृति की जानकारी को रखें अपडेट: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

कलेक्टर हरिस एस. ने कहा कि सुशासन तिहार के तहत आयोजित की जा रही समाधान शिविर के अंतिम 3 दिन बचे हैं। प्राप्त आवेदनों का निराकरण और मांगों की स्वीकृति की जानकारी को अपडेट कर रखें। साथ ही शिविर में हितग्राहियों को दी जा रही सामग्री वितरण की जानकारी भी संधारित किया जाए। वहीं सुशासन तिहार की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक की जानकारी भी अद्यतन रखें।

कलेक्टर हरिस मंगलवार को कलेक्टोरेट के प्रेरणा कक्ष में समय-सीमा की बैठक में उक्त निर्देश दिए। बैठक में समय-सीमा के प्रकरण, जन शिकायत, पीजी पोर्टल, वेब पोर्टल, मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन के एक माह से लंबित प्रकरणों का चर्चाकर निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए। नियद नेल्लानार योजना के तहत योजनाओं का क्रियान्वयन, रोस्टर के आधार पर डाटा का आंकलन, नवाचार की स्थिति, सभी विभागीय योजनाओं के पात्र-अपात्र के ▶▶ शेष पेज 12 पर



### कार्य में प्रगति लाएं

*कलेक्टर ने जिला खनिज संस्थान मद से स्वीकृत देवगुडी विकास कार्यों का पूर्णता प्रमाण पत्र, उपयोगिता प्रमाण पत्र जारी करने सातों जनपद पंचायत के सीईओ को निर्देशित किए साथ ही नलकूपखनन, सीसी सड़क, मुख्यमंत्री अद्योसंरचना संद्यारण एवं उन्नयन के कार्यों की जानकारी ली। कौशल विकास में प्रशिक्षण की स्थिति और कृषि विभाग से खरीफ वर्ष में किसान क्रेडिट कार्ड, मत्स्य पालन, उद्यानिकी, पशुपालन के बैंक में किसान क्रेडिट कार्ड की कार्य को प्रगति लाने के लिए निर्देश दिए।*

# अमावस को चांद उगायो नाटिका की आकर्षक प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

धर्मनाथ जिनालय की स्वर्ण जयंती महोत्सव के तहत कल रात्रि दादागुरुदेव की जीवनी पर आधारित महत्वपूर्ण प्रसंग अमावस को चांद उगायो नाटिका की प्रस्तुति दी गई जिसमें जैन समाज के ही सदस्यों ने अभिनय किया। मार्गदर्शन गुंटूर के रमेश पोरवाल ने किया व भजनों की प्रस्तुति हैदराबाद के अंशुल कोठारी ने दी। लगभग 3 घंटे तक इस नाटिका में दर्शक दीर्घा खचाखच भरी हुई थी। छोटे व बड़े सभी उम्र के कलाकारों ने बेहतरीन अभिनय किया। कुशल संगठन की महिला शाखा इसके लिये एक माह से तैयारियों में व्यस्त थी। सुबह मंदिर प्रांगण में दादागुरुदेव की पूजा हुई जिसमें ▶▶ शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### देवांगन समाज का महासम्मेलन रायपुर में 1 जून को होगा

**जगदलपुर।** देवांगन समाज के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप देवांगन ने



बताया कि आगामी 1 जून को रायपुर में समाज का महासम्मेलन होगा। जिसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ,उपमुख्यमंत्री अरूण साव सहित अन्य विशिष्ट अतिथि शामिलि होंगे। उन्होंने कहा कि 4 प्रकोष्ठ युवा , महिला , व्यापारी और अधिकारी कमर्चारी प्रकोष्ठ का शपथ ग्रहण होगा। साथ ही समाज के 75 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ जनों का सम्मान किया जायेगा। इसके अलावा समाज के गौरव एवं विशिष्ठ कार्य कर विशेषज्ञता रखने वालो को मां परमेश्वरी सम्मान से सम्मनित किया जायेगा। वहीं पूरे प्रदेश में पंच, सरपंच ,पार्षद, जनपद जिला पंचायत सदस्य नगर पंचायत अध्यक्ष, सदस्य नगर निगम अध्यक्ष, महापौर और निगम मंडल अध्यक्ष एवं सदस्यों का समाज की ओर से सम्मान होगा। उन्होंने बताया कि 1 जून को प्रातः 10 बजे माता परमेश्वरी पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभांरभ होगा तथा शाम 7.30 बजे माता की आरती के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

### युवतियों को मिला ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण

**बस्तर।** एसबीआई ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान जगदलपुर में 35 दिवसीय ब्यूटी पार्लर प्रेक्टीसनर का निःशुल्क प्रशिक्षण 21 अप्रैल से 25 मई तक दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थीयों को संस्थान द्वारा पूर्व प्रशिक्षणार्थी महेश्वरी पोयाम के पार्लर में एवं जगदलपुर में स्थित कई कॉस्मेटिक दुकानों में विजिट कारवाया गया। जिसके माध्यम से प्रशिक्षणार्थीयों को पार्लर एवं उसमें लगने वाले मशीनरी एवं सामानो की जानकारी मिल सके और वे प्रशिक्षण उपरांत अपना स्वरोजगार स्थापित कर सके।

### भारतीय संस्कृति को बनाए रखने के लिए व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन

# समर्थ भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने किया प्रेरित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर**

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देश पर छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में आयोजित व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान बीजापुर जिले के भैरमगढ़, उसुर और बीजापुर ब्लॉक के युवाओं और ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। 23 मई से कार्यक्रम की शुरुआत हुई थी 26 मई को समापन किया गया। जिसमें युवाओं को भारतीय ज्ञान-विज्ञान की प्राचीन परंपराओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

■ युवाओं समेत विभिन्न आयु वर्गों के लोगों ने लिया भाग

इ दौरान भाजपा बस्तर प्रभारी जी वेंकटेश्वर, जिला अध्यक्ष घासीराम नाग, समाज सेवक राजीव गांधी ने मां गायत्री गुरुदेव पंडित राम शर्मा और माता भगवती देवी शर्मा के प्रतिमा पर अक्षत फूल चढ़ाकर दीपक प्रज्वल कर व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का शुभारंभ किया गया।



शांतिकुंज हरिद्वार के द्वारा भेजे गए पांच परिवाजकों की टोली से कुलदीप कृष्ण भारती, लोकेश साहू, कुमारी प्रिया साहू, कुमारी सरिता, कुमारी आस्था पटेल के माध्यम से चार दिनों तक शारीरिक प्रशिक्षण, योगा, आत्मरक्षा, समाज और राष्ट्र रक्षा के लिए सक्षम बनाने के साथ युवाओं में नैतिक, भौतिक, आध्यात्मिक विशेष ध्यान दिया गया। इसके अलावा गुरुकुल पद्धति का ज्ञान दिया गया। जो युवाओं को न केवल शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक रूप से भी मजबूत बनाता है।

शिविर का उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर और संस्कारी बनाना, साथ ही उनकी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में मोड़ना। स्वावलंबन, व्यसन मुक्ति, परिवार निर्माण, संस्कार, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, कुरीति उन्मूलन, सभ्य समाज निर्माण और तनावमुक्त जीवन जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। व्यक्तित निर्माण युवा शिविर का लाभ लेते हुए 75 भाई बहनों ने अपने जीवन को संवारने का संकल्प लेते हुए 15 भाई बहनों से मांसाहार के साथ जीव हत्या नहीं करने तथा सौरभ पांडे चहल झाड़ी, अथर्व बीरा, वरुण इच्छामि, वासुदेव यादव, कृष्ण यादव, जगदीश ध्रुवा,साक्षी नकका, बिंदिया कश्यप, तनीषा गोयल ,राधिका मांडवी, योग माया, माया भोयर, संगीता काडीयामी, योगेश्वरी यादव, साक्षी साहनी, कृति बीरा, आरती यादव, नीलम दास 19 युवाओं ने दीक्षा संस्कार और 8 युवाओं ने बाल संस्कार शाला चलने का संकल्प लिया। व्यक्तित्व युवा शिविर समापन पर पूर्व वन मंत्री महेश गागड़ा ने भी युवाओं के साथ कुछ पल बीताते युवाओं को समर्थ भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही शिविर में भाग लेने वाले युवाओं के जीवन में नए उद्देश्य और दिशा का संचार किया। उनके विचारों ने राष्ट्रीय चरित्र, भारतीय संस्कृति और परंपराओं को बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविरों का आयोजन संगठित भारत और समर्थ भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। 4 दिवसीय शिविर में युवाओं को भारतीय संस्कृति को बनाए रखने के महत्व पर भी जोर दिया गया।

## सड़क मार्ग से होते हुए पामेड़ पहुंचे पूर्व मंत्री गागड़ा



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर**

छत्तीसगढ़ के अंतिम छोर पर बसा ग्राम पामेड़ मार्ग से होते हुए पूर्व मंत्री महेश गागड़ा पहुंचे। सुशासन तिहार के तहत मंगलवार को जिले के अंतिम छोर पर बसा ग्राम पामेड़ में जन चौपाल लगाया गया था। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व मंत्री महेश गागड़ा पहुंचकर नये छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक व पुर्नवास केन्द्र एवं माध्यमिक कन्या आश्रम का शुभारंभ किया। लगे जन चौपाल में दूर-दराज से आये ग्रामीणों की समस्या सुन अधिकारियों को निराकरण हेतु निर्देशित किया।

■ बैंक,पुनर्वास केन्द्र व कन्या आश्रम का किया शुभारंभ

आजादी के 77 सालों बाद नक्सल क्षेत्र पामेड़ में बैंक खुलने पर ग्रामीणों में खुशी का माहौल है, ग्रामीणों ने कहा हमे बहुत खुशी हो रही है, कि अब हमारे कमाई का पैसा हम इस बैंक में डाल पायंगे और जब चाहे निकाल पायंगे। पहले हमें पैसा निकालने लगभग 80 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता था। अब हमारे घर के पास बैंक खुला है,इसके लिए हम छत्तीसगढ़ के विष्णुदेव सरकार को धन्यवाद देते हैं। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा, जनपद अध्यक्ष उसूर पूर्णिमा तेलंम, जिला पंचायत सदस्य शंकरैय्या मंडवी, सरपंच सावित्री चेरपा के अलावा जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी व पत्रकार उपस्थित रहें

## अपशिष्ट पर वैज्ञानिक विधि से निपटान पर दी जानकारी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के क्षेत्रीय कार्यालय के तत्वाधान में ई-अपशिष्ट (प्रबंधन) नियम, 2016, अपशिष्ट बैटरी प्रबंधन नियम, 2022 तथा अपशिष्ट प्लास्टिक नियम, 2016 के पालन एवं केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के गाईडलाईन्स के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जन जागरूकता पर संभाग स्तरीय कार्यशाला का 27 मई को शहर के डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी सभागारमें आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में संभाग के विभिन्न औद्योगिक संस्थान, नगरीय निकाय एवं शासकीय विभागों के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल नवा रायपुर से वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. सुरेश चंद्र, मुख्य रसायनज्ञ आरपी वासुदेव एवं क्षेत्रीय कार्यालय जगदलपुर के वैज्ञानिक घनश्याम सिंह द्वारा उपस्थित जनों को ई-अपशिष्ट, अपशिष्ट बैटरी, अपशिष्ट प्लास्टिक के पुर्नचक्रण, पुनः उपयोग एवं वैज्ञानिक विधि से निपटान आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई है। साथ ही नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सहायक संचालक पौराणिक ध्रुव द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। अधिकारियों द्वारा अपशिष्टों को रिसायक्लिंग हेतु पंजीकृत रिसायक्लर्स को ही प्रदाय करने हेतु निर्देशित किया गया।

■ शहर में जन जागरूकता पर हुई संभाग स्तरीय कार्यशाला



कार्यक्रम का संचालन रसायनज्ञ नन्दकुमार पटेल द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम के सफल आयोजन में क्षेत्रीय कार्यालय के खोगेन्द्र कुमार, गफूर शरीफ, विनोद निषाद एवं अन्य कर्मचारियों का सहयोग सराहनीय रहा।

## मद्दी से मिले आंध्रा समाज के लोग...



जगदलपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेज कार्पोरेशन लिमिटेड के नवनियुक्त अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी को छत्तीसगढ़ प्रदेश तेलुगु महासंघम एवम दि बस्तर डिस्ट्रक्टि आंध्र एसोशिएशन आंध्र समाज के पदाधिकारियों और सदस्यों ने नवीन दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी।

## भीषण गर्मी व लू चलने से हो रहा स्वास्थ्य प्रभावित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं ने जारी की लू से बचाव के संबंध में दिशा निर्देश संचालक स्वास्थ्य सेवाएं छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम द्वारा राज्य के समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक को जारी किए गए हीट स्ट्रोक के प्रबंधन एवं बचाव के संबंध में दिशा निर्देश जारी किए हैं। सीएमएचओ डॉ. संजय बसाक ने बताया कि राज्य भर में बढ़ रही भीषण गर्मी की वजह से तापमान में औसत रूप से वृद्धि हुई है, जिसके कारण छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न हिस्सों में भीषण गर्मी एवं लू चलने की संभावना है। भीषण गर्मी की वजह से जन स्वास्थ्य प्रभावित होता है। लू के लक्षण में सिर में भारीपन और दर्द का अनुभव होना, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का ना आना, अधिक प्यास लगना और पेशाब की मात्रा कम हो जाना, भूख कम लगना, अधिक गंभीर की स्थिति में बेहोश हो जाना लू लगने के सामान्य लक्षण है। लू से बचाव के उपाय पर बहुत अनिवार्य ना हो तो घर से बाहर न जाये, धूप में निकलने से पहले सर एवं कानों को कपड़े से अच्छी तरह बांध लें, पानी अधिक मात्रा में पिए, अधिक समय तक धूप में ना रहे, गर्मी के दौरान नरम मुलायम सूची के कपड़े पहनना चाहिए।



## 6 तकनीकी सत्रों में 25 से अधिक शोधपत्र पढ़े गए

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

डिजीटल युग में शिक्षा के अवसर व चुनौतियां विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन सूर्या कॉलेज में किया गया। इसमें डिजीटल युग में शिक्षण पद्धति में हो रहे बदलाव, तकनीक, समावेशन और भारतीय व नैतिक मूल्यों की प्रासंगिकता पर चर्चा की गई।

■ डिजिटल युग में शिक्षा के अवसर और चुनौतियों पर हुई संगोष्ठी

मुख्य अतिथि बस्तर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राजेश लालवानी रहे, विशिष्ट अतिथि भिलाई के कल्याण कॉलेज के व्याख्याता डॉ. एन. पापा राव, डॉ. योगेन्द्र मोतीवाला,बस्तर डाइट के डॉ. स्टेनली जॉन, सुभाष श्रीवास्तव, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रेल्वे कॉलोनी से व्याख्याता पूर्णिमा सरोज,दंतेवाड़ा डाइट के व्याख्याता संदीप सामंत मौजूद थे।



कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलन एवम पूजन के पश्चात अतिथियों के स्वागत एवम राजगीत के साथ किया गया। कार्यक्रम में शोधार्थियों, शिक्षकों व प्रतिभागियों ने भाग लिया।

पूर्णिमा सरोज ने डिजिटल युग में शिक्षा के अवसर और चुनौतियाँ के उप विषय साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल शिक्षा में भाषा और सांस्कृतिक विविधता पर अपने विचार रखे जो कि एक महत्वपूर्ण पहलू है। यह विविधता न केवल शिक्षा को अधिक सुलभ बनाती है, बल्कि छात्रों को उनकी अपनी भाषा और संस्कृति को सीखने का अवसर भी प्रदान करती है।

6 तकनीकी सत्रों में 25 से अधिक शोधपत्र संगोष्ठी में पढ़े गए। इनमें डिजिटल शिक्षा का वर्तमान परिदृश्य और भविष्य में शिक्षा में एआई और मशीन लर्निंग, शिक्षा में भाषा और सांस्कृतिक विविधता, डिजिटल युग में शिक्षक-छात्र संबंधों में बदलाव, व्यवसायिक शिक्षा और कौशल विकास में डिजीटल माध्यमों की भूमिका पर चर्चा की गई। अंत में अतिथियों का स्मृति चिन्हों से सम्मान किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस दौरान प्राचार्य डॉ. श्रीकांत भारद्वाज, समन्वयक डॉ. हेमलता नागेश, संयोजक शैलजा शुक्ला, ईश्वर लाल साहू, दीपिका दास, शिल्पा गौर सहित बड़ी संख्या में शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्राचार्य के द्वारा आभार प्रदर्शन एवम राष्ट्रगान के साथ दो दिवसीय भव्य राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन किया गया।

## पंच, सरपंच और शिक्षा समिति के सदस्य स्कूलों का करेंगे निरीक्षण



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड**

बकावंड ब्लाक के ग्राम पंचायत संधकरमरी मे शैक्षिक विकास के लिए सरपंच जयमनी कश्यप के अध्यक्षता मे बैठक का आयोजन किया गया। सरपंच ने कोटवार से मुनादी करा कर उप सरपंच, पंच, शिक्षक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं गांव के प्रमुख को एकत्रित किया। इंडिया एजुकेशन कनेक्टिविटी अशोक बघेल ने शिक्षा के विषय मे विस्तृत जानकारी दी और शिक्षा में गुणवत्ता सुधार लाने के लिये कहा। सरपंच ने शिक्षा के लिये सकारात्मक कदम उठाने को कहा व सप्ताह मे एक दिन आंगन बाड़ी स्कूल निरीक्षण करने कहा । आगे यह भी कहा कि शिक्षा गांव निर्माण राष्ट्र निर्माण मे एक महत्वपूर्ण अंग है। बिना शिक्षा का कोई भी इंसान कोई भी लक्ष्य प्राप्त नही कर सकता। शिक्षा समिति सदस्य सोनसाय कश्यप ने कहा गांव के समस्त स्कूल मे सरपंच, सचिव, पंच शिक्षा समिति के सदस्य शाला विकास समिति के सदस्य 15-15 दिन मे प्रत्येक स्कुल का निरीक्षण करना है । तभी विद्यार्थियों को गुणवतापूर्ण शिक्षा प्राप्त होगा 73 वें संविधान संसोधन के अंतर्गत ग्राम पंचायत को स्थानीय सरकार के रूप में संवैधानिक दर्जा दिया गया है और प्रारंभिक शिक्षा की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत को है।

■ ग्राम पंचायत संधकरमरी मे शिक्षा गुणवता पर बैठक में विस्तृत चर्चा की गई

# भाजपा के बस्तर जिले के 12 मंडलों की कार्यकारिणी घोषित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

भारतीय जनता पार्टी ने बस्तर जिले के 12 मंडलों की संपूर्ण कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। जिसमें जगदलपुर पश्चिम मंडल, भानपुरी मंडल, बकावण्ड मंडल,तोकापाल मंडल, नानगूर मंडल, दरभा मंडल, करपावण्ड मंडल, सरगीपाल मंडल, बस्तर मंडल, नगरनार मंडल, बास्तानार मंडल एवं लोहण्डीगुड़ा मंडल शामिल हैं। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष किरण देव की अनुशंसा से एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय की सहमति से भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डे ने आज मंगलवार को बस्तर जिले के 12 मंडलों की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की है।

■ जगदलपुर पश्चिम मण्डल में संजय चंद्राकर व अतुल सिम्हा संभालेंगे महामंत्री का दायित्व

जगदलपुर पश्चिम मंडल में अध्यक्ष प्रकाश झा, महामंत्री अतुल सिम्हा एवं संजय चन्द्राकर, उपाध्यक्ष सुधा मिश्रा, योगेश शुक्ला, शशीनाथ पाठक,दशरथ गुप्ता बनाये गए हैं। मंत्री के रूप में सूर्यभूषण सिंह, अविनाश गौतम, मायारानी बरई, गायत्री कश्यप और कोषाध्यक्ष आशा साहू व कार्यालय मंत्री दिलीप सुन्दरानी एवं सोशल मीडिया प्रभारी बृजेश शर्मा को बनाया गया है। इनके अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में 31 नामों को स्थान दिया गया है।

भानपुरी मंडल में अध्यक्ष प्रवीण सांखला, महामंत्री खेमेश्वर पाण्डे व तुलसु कश्यप, उपाध्यक्ष भास्कर जोशी, बुधूराम कश्यप, नीलकुमारी बघेल, जयंती पाण्डे, मंत्री रमेश दीवान, नीलावती मौर्य, तीरसिंह बघेल, कान्ति कश्यप, कोषाध्यक्ष श्यामसुन्दर कश्यप, कार्यालय मंत्री शिबु साह, सोशल मीडिया प्रभारी घनश्याम चौहान, आईटी सेल प्रमुख नरपति कुंजाम को बनाया गया है।

बकावण्ड मंडल में अध्यक्ष पिताम्बर कश्यप, उपाध्यक्ष चिंतामणी पाण्डे, धनमती बिसाई, रामजी नायक व निरंजन चन्द्राकर, महामंत्री अनिल बिसाई व रणवीर सिंह बैस,कोषाध्यक्ष जगरनाथ ठाकुर, मंत्री खिजेश्वरी, बैजंती दास, तमेन्द्र बिसाई, प्रशांत सिंह बनाये गए हैं। तोकापाल मंडल में अध्यक्ष सोमारू राम कश्यप, उपाध्यक्ष मिटकुराम बघेल,अनंतराम कश्यप, दीनदयाल मौर्य, भानुमति यादव, महामंत्री मेघराज सिंह ठाकुर व मुन्नालाल कश्यप, मंत्री सोनमती घोष, शांति नाग, तनसिंह यादव, संतुराम कश्यप, कोषाध्यक्ष रैमती कश्यप , कार्यालय प्रभारी मेहतर सेठिया एवं मीडिया प्रभारी दिनेश वर्मा को बनाया गया है।




नानगूर मंडल में अध्यक्ष हरिराम मण्डावी, उपाध्यक्ष मानसिंह नाग, डमरू भारती, जयमन शर्मा, कमलकुमारी सेठिया, महामंत्री चन्द्रकांत सेठिया व रैदू नाग, कोषाध्यक्ष रिषि सेठिया,मंत्री श्रीमती पूनम विश्वकर्मा, सुकांति गौतम, कुमबती भारती, प्रकाश नाग एवं मीडिया प्रभारी अमर गुप्ता को बनाया गया है।

दरभा मंडल में अध्यक्ष देवीप्रसाद बेंजाम, उपाध्यक्ष महेश बघेल, थलेश सेठिया, सोमारी बाई बघेल, शांति बघेल, महामंत्री नारायण कुरानी व दुर्जन सिंह कश्यप, मंत्री महादेव कवासी, सुशील त्रिपाठी, बोगेन्द्र ठाकुर, गीता बघेल,कोषाध्यक्ष तिलोतमा बघेल एव मीडिया प्रभारी जगनाथ बघेल व भीमचंद नाग बनाये गए हैं।

करपावण्ड मंडल में अध्यक्ष तरूण कुमार पाण्डे, उपाध्यक्ष रवि सिंह बघेल, दामोदर ठाकुर, मेघनाथ नाग, पुलकेश्वर पाण्डे, महामंत्री अमर देव भारती व विसम ठाकुर, मंत्री लक्ष्मनी बघेल, सत्यभामा कश्यप, मंगलू कश्यप, रतन बघेल और कोषाध्यक्ष श्रीमती नबीना दास को बनाया गया है।

सरगीपाल मंडल में अध्यक्ष पुरूषोत्तम जोशी, उपाध्यक्ष हेमकान्त ठाकुर, नीलबती भारती, रेवती पटेल, वासुदेव बघेल, महामंत्री दामोदर बघेल व संतोष बिसाई, मंत्री श्याम बघेल, परमानंद पाढ़ी घासीराम यादव,संगीता बिसाई, कोषाध्यक्ष श्रीमती कनसूला कश्यप, मीडिया प्रभारी पूरन बघेल बनाये गए हैं।

बस्तर मंडल में अध्यक्ष सुकदेव मण्डावी, उपाध्यक्ष नरेन्द्र जोशी, दयाराम बघेल, चमेली साहू, बसंती पटेल, महामंत्री चमरू राम यादव व हेमराज कश्यप, मंत्री गणेश बघेल,बंशी कश्यप, सुषमिता मिस्त्री, चम्पा दीवान, कोषाध्यक्ष नकझड़ी कश्यप,मीडिया प्रभारी संतो कश्यप,प्रिंट मीडिया प्रभारी भुवनेश्वर कुमार ठाकुर, कार्यालय प्रभारी वीर सिंह मौर्य को बनाया गया है।

नगरनार मंडल में अध्यक्ष महेन्द्र सेठिया, उपाध्यक्ष सीमांचल दास, लालाराम पटेल, मोहन सेठिया, सविता साहनी, महामंत्री राजेश शर्मा व मनोज पटेल, मंत्री सुरेश ठाकुर, सुनिता बेसरा, रामचन्द्र बघेल, फुलसिंह नायर, सरिता पानीग्राही, कोषाध्यक्ष संगीता महाराणा व कार्यालय मंत्री प्रीतम (पिंटू ठाकुर) बनाये गए हैं।

बास्तानार मंडल में अध्यक्ष पाण्डु कुहरामी, उपाध्यक्ष सनकू पदामी, भदरू पोड़ियाम, रंगबती कश्यप, ममता मण्डावी, महामंत्री मनोज सेठिया व ईश्वर मुचाकी,मंत्री जग्गू मण्डावी, फगनी करटामी, राजू वेक, सोनारू मण्डावी, कोषाध्यक्ष किरण सिंह ठाकुर, कार्यालय मंत्री कमलेश कर्मा को बनाया गया है।

लोहण्डीगुड़ा मंडल में अध्यक्ष मंगतूराम कश्यप, उपाध्यक्ष नरेश खापर्डे, धनीराम बघेल, रंजीता जोशी, रूकमणी बघेल, महामंत्री सावेन्द्र सेठिया व चन्द्रशेखर ठाकुर, मंत्री तनुजा ठाकुर, लखीधर सेठिया, नीरबती भारद्वाज, तरूण पाण्डे, कोषाध्यक्ष बलीराम बघेल, कार्यालय मंत्री मोतीलाल कश्यप, कार्यालय सह मंत्री भागीरथ यादव, मीडिया प्रभारी भरत कश्यप, सह मीडिया प्रभारी शिवनन्दन पेगड़ व सोशल मीडिया प्रभारी विनय मौर्य बनाये गयें है।

भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डे ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारी सदस्यों से पार्टी की रीति-नीति पर काम करते हूए संगठन को मजबूत बनाने की अपेक्षा की है।

